लापरवाही | अमृत भारत योजना को लगा पलीता

1 साल में ही उड़ गया श्रीधाम स्टेशन का रूफ शेड

नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करोड़ों की लागत से श्रीधाम रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया गया था, लेकिन पहली ही हल्की हवा में निर्माण की गुणवत्ता की पोल खुल गई। स्टेशन परिसर में लगाया गया नवनिर्मित रूफ प्लाजा वाटरशेड सज्जा मामूली हवा के झोंके में ही उड़ गया।

स्थानीय यात्रियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा बेहद घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। उद्घाटन को लगभग 1 वर्ष ही बीता है और सज्जा का यह हाल देखकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्लेटफार्म पर गिरे टिन-शेड और उखड़ी सज्जा से यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो गया है। गनीमत रही कि उस समय कोई यात्री चपेट में नहीं आया

और बड़ा हादसा टल गया। रोजाना सफर करने वाले यात्रियों ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। हल्की हवा में ही यदि सज्जा उड़ रही है तो आंधी-बारिश में बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने रेलवे के उच्च अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और दोषी ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए स्टेशन परिसर की सज्जा को तुरंत दुरुस्त करने की मांग की गई है।

इनका कहना है

इस संबंध में इसकी जांच कराई जाएगी और जो जांच में सामने आएगा उसके आधार पर संबंधित व्यक्ति पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-विनोद शर्मा, श्रीधाम स्टेशन मास्टर

धूप और बारिश के बीच खुले में बैठने को मजबूर मुंशी-लेखक

नवभारत,गोटेगांव। नगर में नए तहसील भवन के निर्माण के लिए पुराने जर्जर भवन को तोड़ने का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान प्रशासन ने तहसील कार्यालय को अस्थायी रूप से पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह परिसर में स्थानांतरित किया है ताकि राजस्व कार्य प्रभावित न हों। लेकिन स्थानांतरण के बीच दस्तावेज लेखकों और मुंशियों के लिए कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

उचित स्थान के अभाव में मुंशी परिसर में टीन और तिरपाल के नीचे खुले में बैठकर कार्य करने को मजबूर हैं। मानसून के आगमन के साथ ही मुंशियों के काम और दस्तावेजों की सुरक्षा पर संकट खड़ा हो गया है। बारिश में कागजात भीगने का खतरा बना रहता है। यही स्थिति नामांतरण, बंटवारा और अन्य राजस्व कार्यों के लिए पहुंचने वाले आम नागरिकों की भी है। उन्हें भी धूप और बारिश में खुले में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़

रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नया तहसील भवन बनना अच्छी पहल है, लेकिन निर्माण अवधि के दौरान मुंशियों और आम लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जनता ने मांग की है कि निर्माण कार्य पूरा होने तक मुंशियों और दस्तावेज लेखकों के बैठने के लिए अस्थायी शेड या कक्ष की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें और आम नागरिकों को धूप-बारिश में परेशानी का सामना न करना पड़े।

इनका कहना है

एसडीएम संघमित्रा गौतम का कहना है कि वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

-संघमित्रा गौतम, एसडीएम

मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे आज

नवभारत,नरसिंहपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल रविवार 28 जून 2026 को जिले के प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री पटेल रविवार 28 जून को प्रात: 7: 30 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर प्रात: 8:15 बजे नरसिंहपुर जिले के झांसीघाट में माँ नर्मदा जी के दर्शन एवं पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात् प्रात:8: 30 बजे नौनी करेली कलां सिद्ध घाट में माँ नर्मदा जी के तट पर पौधरोपण करेंगे। मंत्री पटेल प्रातः 10:20 बजे नौनी करेली कलां सिद्ध घाट से प्रस्थान कर प्रातः 10:45 बजे सिविल अस्पताल गोटेगांव आयेंगे। आप यहां पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ करेंगे। तदुपरांत मंत्री श्री पटेल प्रातः 10:55 बजे सिविल अस्पताल गोटेगांव से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे स्टेशन रोड इमली वाली वर्कशॉप पेट्रोल पंप के पास गोटेगांव में जन विश्वास सदन का शुभारंभ करेंगे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन को सौंपी 50 .31 लाख की समर्पण निधि

नवभारत,नरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आर्थिक सुचिता एवं संगठनात्मक स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए गए समर्पण निधि संकलन अभियान का जिले में सफल समापन हुआ। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने बताया कि नरसिंहपुर जिले के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लेते हुए संगठन को 50 लाख 31 हजार 311 रुपये की समर्पण निधि प्रदान की।

विशेष बात यह रही कि संपूर्ण राशि कार्यकर्ताओं से चेक के माध्यम से प्राप्त की गई,जो संगठन की आर्थिक पारदर्शिता और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है जिला अध्यक्ष पाठक ने बताया कि विधानसभावार प्राप्त समर्पण निधि

में नरसिंहपुर विधानसभा से 23 लाख 15 हजार 811 रुपये, गोटेगांव विधानसभा से 15 लाख 83 हजार 400 रुपये, गाडरवारा विधानसभा से 6 लाख 75 हजार रुपये तथा तेंदूखेड़ा विधानसभा से 4 लाख 57 हजार 100 रुपये की राशि एकत्रित की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को अपना परिवार मानकर समर्पण भाव से योगदान देता है। कार्यकर्ताओं की इसी निष्ठा और सहभागिता के कारण संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने समर्पण निधि अभियान को सफल बनाने वाले सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। पाठक ने बताया कि पिछले वर्ष जिले से 32 लाख 18 हजार रुपये की समर्पण निधि प्राप्त हुई थी, जबकि इस वर्ष कार्यकर्ताओं ने कहीं अधिक उत्साह और समर्पण का परिचय देते हुए 50 लाख 31 हजार 311 रुपये का योगदान दिया है। यह वृद्धि कार्यकर्ताओं के संगठन के प्रति विश्वास, निष्ठा और समर्पण का प्रमाण है।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत निकाली जनजागरूकता रैली

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए शनिवार को जिला स्तरीय जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश तथा सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजकुमार चौधरी ने जिला चिकित्सालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। जनजागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से सुभाष पार्क चौराहे तक निकाली गई। इस रैली में विभिन्न नर्सिंग महाविद्यालयों की छात्राओं ने सहभागिता करते हुए दो बूंद जिंदगी की एवं हर बच्चा, हर बारङ्कपोलियो की दो बूंद जरूर

जैसे नारों के माध्यम से आमजन को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 से 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर पोलियो से होने वाली विकलांगता एवं अन्य खतरों से बच्चों को सुरक्षित रखना है। उन्होंने बताया कि 28 जून से 30 जून तक जिलेभर में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनय ठाकुर ने बताया कि जिले में जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के 1 लाख 58 हजार 945 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

5717 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा

नवभारत,तेंदूखेड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज क्षेत्र में टीकाकरण का कार्य किया जाएगा।

इस अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए सुपर वाइजर मो. शफीक कुरैशी ने बताया कि तेंदूखेड़ा में टीकाकरण के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। अभियान के तहत कुल 07 सेक्टर बनाए गए हैं। 51 बूथों के माध्यम से बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। इस पूरे अभियान के सुचारू संचालन के लिए 36 बी बूथ 12 सी बूथ और 03 मोबाइल ट्रांजिट टीमें तैनात की गई हैं। अभियान का लक्ष्य क्षेत्र के 5717 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना है। इसके लिए विभाग ने 375 ओपीवी वायल की उपलब्धता सुनिश्चित की है। टीकाकरण के लिए 10 प्रमुख केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिनमें तहसील कार्यालय वार्ड क्र. 11 आगनबाडी वार्ड 09 आ.बा. वार्ड 08 वार्ड 10 आ.बा. वार्ड 2 बालक प्राथमिक शाला कन्या प्राथमिक शाला टाल मोहल्ला आ.बा. पटवारी मोहल्ला और आरोग्य केंद्र सागोनी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दवा जरूर पिलाएं और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

अंतिम दीदार के बाद ताजियों का विसर्जन, नम आंखों से दी गई विदाई

नवभारत/ गाडरवारा। यौम-ए-आशूरा के बाद शनिवार को मोहर्रम की 11वीं तारीख पर शहीदाने कर्बला की याद में नगर के ताजियों का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। सभी ताजिये शक्कर नदी स्थित कर्बला शरीफ पहुंचकर विशेष विसर्जन कुंड में समाहित किए गए। इस दौरान जायरीनों ने नम आंखों से हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नया बस स्टैंड स्थित बाबली अखाड़ा दरगाह के पास ताजिये एकत्रित हुए, जहां लोगों ने अंतिम बार ताजियों की जियारत की। काफी देर तक यहां श्रद्धालुओं का मजमा लगा रहा तथा विभिन्न स्थानों पर लंगर एवं शरबत का वितरण किया गया। बाबली अखाड़ा से ताजियों का काफिला शक्कर नदी स्थित कर्बला शरीफ के लिए रवाना



हुआ। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने ताजियों पर रेबड़ी, इत्र और लोबान पेश कर अंतिम दीदार किया। पूरे रास्ते या हुसैन, या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। कर्बला शरीफ पहुंचने के बाद नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित विशेष विसर्जन कुंड में एक-एक कर सभी ताजियों का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व नियाज-फातेहा पढ़ी गई तथा तबर्रुक और लंगर तकसीम किया गया। इस अवसर पर लोगों ने इमाम हुसैन की कुर्बानी और उनके संदेश को याद किया। पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगर पालिका द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए। विसर्जन के समय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने कहा कि गाडरवारा में मोहर्रम का पर्व हमेशा शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाता है।

आयोजन की घोषणा

जो यहां की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। उन्होंने प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश मुस्लिम त्योहार कमेटी के अब्दुल फिरोज खान, मेहमूद पहलवान, आशिक हुसैन, मुस्लिम त्योहार कमेटी के मुजीब खान, हसनी हुसैनी सोसायटी के लकी अली सहित अन्य लोगों ने प्रशासन एवं नगरवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं नौजवान कमेटी द्वारा बड़े वली इमामबाड़े पर लंगर आयोजन की घोषणा की गई।

शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया मोहर्रम, शकूर बाबा दरबार में उमड़े जायरीन

नवभारत,गोटेगांव। मोहर्रम का पर्व पूरे जिले में शांति, सौहार्द और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शकूर बाबा दरबार में विशेष धार्मिक आयोजन हुए, जिनमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ बाहर से आए जायरीन भी शामिल हुए। शकूर बाबा दरबार में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए तबर्रुक (लंगर) की विशेष व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से लंगर ग्रहण कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। मुस्लिम समुदाय द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार ताजिया सवारी पूरे नगर में निकाली गई। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। धार्मिक नारों और मातमी रस्मों के बीच ताजिया नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुन: शकूर बाबा दरबार पहुंचा। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और अनुशासन देखने को मिला। दरबार पहुंचने के बाद बाहर से आए जायरीन एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने शकूर बाबा के साथ धार्मिक परंपरा के अनुसार दरियाह स्नान किया। इसके बाद सभी ने शकूर बाबा की दरगाह पर पहुंचकर देश, प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अमन-चैन एवं आपसी भाईचारे की दुआ मांगी और आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना रहा। स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मोहर्रम के इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के लोगों की सहभागिता ने सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की।

अंतत : एक माह में भी नहीं सुधर सका बिगड़ा हैंडपंप

नवभारत,डोभी। ग्रीष्म काल में पेयजल आपूर्ति को लेकर विकास खंड के लगभग हर गांव में विकराल समस्या बनीं रही और स्थानीय लोगों जनप्रतिनिधियों के द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचना दी लेकिन आज कल कर्मियों की कमी संसाधन नहीं का हवाला देकर जवाबदार अपनी जबाब दारी से बचते रहे हैं।

समस्यायें आज भी ज्वलंत बनीं हुई है ।ग्राम पंचायत के माध्यम से बार बार बोलने पर भी समस्या का आज तक निराकरण नहीं हो सका है। बरमान तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग के बीच ग्राम डोभी में काफी लंबे समय से हेडपंप बिगड़ा पड़ा है ।यहां के सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र पटेल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि विगत कई माह से कई स्थानों के हैंडपंप बिगड़े है। उनमें पानी नहीं आता जिससे ऐसी भीषण गर्मी में ग्रामीण बेहद परेशान है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले हॉटबाजार पुराना बाजार चौधरी मुहल्ला एवं कई स्थानों के हैंडपंप बिगड़े पड़े है। कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग को की जा चुकी है। उसके बावजूद सुधार कार्य नहीं किया जा रहा ।सुधार कार्य करने के लिए विभाग द्वारा कई बार कर्मचारी नाम के लिए भेजे जाते है। कर्मचारी आधाअधूरा काम छो? कर एवं पर्याप्त सामग्री ना होने का बोलकर चले जाते हैं। उसके बाद विभाग द्वारा हैंडपंप सुधार कार्य की कई दिनों तक सुध नहीं ली जाती ।जो कि कई दिनों तक जस का तस पड़ा रहा है। भीषण गर्मी में हैंडपंप सुधार कार्य ना होने के कारण ग्रामीण पानी के लिए बेहद परेशान है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही हैंडपंप सुधार कार्य करने की मांग की है।

मां नर्मदा की महाआरती, आस्था का केंद्र बना घाट

नवभारत,गोटेगांव। समीप झांसी घाट में श्री मां रेवा सेवा समिति द्वारा झांसी घाट पर मां नर्मदा जी की महाआरती प्रतिदिन शाम 7 बजे की जा रही है। यह महाआरती पिछले 10 माह से निरंतर जारी है और श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन गई है।

महाआरती के दौरान पूरा घाट मां नर्मदा के जयकारों और वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हो उठता है। संध्याकालीन बेला में दीपों की रोशनी और शंख-घंटों की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। दूर-दराज से श्रद्धालु यहां महाआरती में शामिल होने पहुंच रहे हैं। समिति का कहना है कि मां नर्मदा की कृपा से यह आयोजन निर्बाध चल

रहा है और आगे भी जारी रहेगा। समिति के सक्रिय सदस्य अरविन्द पटेल (मैनेजर), सम्राट मिश्रा, संतोष वर्मन और रूपेन्द्र नामदेव ने धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में महाआरती में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

नवभारत, जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत छतरपुर फाटक के पास शुक्रवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेन की जोरदार टक्कर से शव पूरी तरह क्षत-विछत हो गया था। पुलिस के मुताबिक, शुभम श्रीवास निवासी आजाद वार्ड, पनागर को छतरपुर फाटक पर तैनात गेटमैन शैलेंद्र से सूचना मिली। गेटमैन ने बताया कि जबलपुर की ओर जाने वाली अप रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इस खबर के बाद शुभम पहुंचा। कपड़ों और पास में गिरे पर्स को चेक करने पर उसमें एक आधार कार्ड मिला। जिसके आधार पर पहचान पिता मनोहर श्रीवास (53) के रूप में की।

जमीनी जल स्तर बढ़ाने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जरूरत

नवभारत, तेंदूखेड़ा। लगातार जमीन की कोख से और परम्परागत जल स्त्रोतों से पानी खींचे जाने का सिलसिला जारी बना हुआ है।

लेकिन इन जल स्त्रोतों में पानी डाले जाने की दिशा में सार्थक प्रयास नहीं हो रहें हैं। और ना ही जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास भी नहीं हो रहे हैं ।यहां तक कि क्षेत्रीय नदी नालों के साथ कुआ बावड़ियों के संरक्षण के म प्र की जीवनरेखा कहलाने वाली नर्मदा नदी से भी बड़ी संख्या में पानी लियातो जा रहा है लेकिनइसमें जल बढ़ाने की दिशा में कोई भी उचित पहल नहीं हो रही है ।या विभिन्न अभियानों के माध्यम से केवल फोटो खिंचवाने और कागजी घोड़े दौड़ाये जाते हैं। जगह-जगह पक्के सड़क मार्ग बन जाने के बाद से जल स्त्रोतों का पानी या बरसात का पानी सीधा जमीन में ना जाकर बह जाता है। इस पानी को रोकने जमीन के भीतर पहुंचाये जाने की दिशा में मिलकर काम करने की जरूरत आ गई है। यदि समय रहते नहीं चेत पाये तो गंभीर रूप से स्थिती निर्मित हो जायेगी। शासन लाखों करोड़ों अरबों रुपए खर्च करके बड़े बड़े आलीशान भवन तो बनवा रहा है।

लेकिन इनके एक भी भवन में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम देखने को नहीं मिलता। यदि इन्हीं भवनों में ही यह सिस्टम बनने लगेंगे तो निश्चित तौर पर बहुत सा पानी जमीन के भीतर समाने लगेगा। चूंकि लोग भी अपनी सुविधा अनुसार आलीशान मकानों में तरह तरह की व्यवस्था कर रहा है।

मणिनागेंद्रसिंह सैनिक स्कूल के प्रथम शैक्षणिक सत्र का आज होगा शुभारंभ

गोटेगांव । कैबिनेट मंत्री प्रहलादसिंह पटेल के जन्मदिवस पर विकास एवं जनसेवा के कई कार्यक्रमों मे 666 पौधों का रोपण,सैनिक स्कूल का शुभारंभ, विधायक कार्यालय का उद्घाटन सहित अन्य जनहितकारी कार्यक्रम होंगे आयोजित ।

गोटेगांव स्थानीय पूर्व मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन द्वारा संचालित मणिनागेंद्र सिंह सैनिक स्कूल के संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व राज्यमंत्री मा.जालम सिंह पटेल ने बतायाकि प्रथम शैक्षणिक सत्र 2026-27 का भव्य शुभारंभ आज 28 जून रविवार को किया जाएगा, यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री मा.प्रहलादसिंह पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित

किया जा रहा है,पूरे दिन शिक्षा पर्यावरण संरक्षण जन सेवा एवं विकास कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न होंगे, कार्यक्रम के संबंध में उन्होंने बतायाकि सुबह 8:30 बजे नोनी करेली सिद्धघाट पर पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ जगत जननी मां नर्मदा मैयाजी की पूजन अर्चन आरती वंदन किए जाने के पश्चात 'प्लस पॉलीथिन अभियान' के अंतर्गत पांच वर्ष तक के बच्चों को प्लस पॉलीथिन का वितरण किए जाने के तत्पश्चात सामूहिक रूप से 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण कराया जाएगा, एवं दोपहर 12:30 बजे मणिनागेंद्रसिंह सैनिक स्कूल परिसर में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री मा. प्रहलादसिंह पटेल द्वारा फीता काटकर विद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा,इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है,आगे पूर्व राज्य मंत्री जालमसिंहजी पटेल ने बतायाकि मंत्री मा. प्रहलादसिंहजी पटेल के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर 666 पौधों का वृहद पौधरोपण भी किए जाने के साथ ही गोटेगांव में विधायक कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को जनसमस्याओं के निराकरण एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क करने की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके,मंत्री जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में मरीज को फल मिठाई वितरण कर सेवा का कार्य किए जाने के उपरांत बरमानघाट में 20 आधुनिक बायोटॉयलेट का शुभारंभ किया जाएगा, कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में दोपहर 3 बजे नरसिंहपुर के संजयवार्ड स्थित कलेक्टर बंगले के पीछे मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन द्वारा निर्मित मणिनागेंद्र सिंह आयरन पुल का लोकार्पण मंत्री मा.प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा किया जाएगा,इस पुल के निर्माण होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है,पूर्व राज्यमंत्री जालमसिंह पटेल ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियोंसामाजिक संगठनों गणमान्य नागरिकों एवं आमजन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील करते हुए कहाकि यह आयोजन शिक्षा पर्यावरण संरक्षण जनसेवा और विकास कार्यों को समर्पित रहकर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर साबित होगा।